# ग्राम पंचायत ढगवार, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला कागड़ा के लेखाओं का अंकेक्षण एंव निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 04/2013 से 03/2016

## भाग –1

1 **(क) प्रस्तावनाः–**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एंव उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)(C)(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हि0प्र0, को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत ढगवार, विकास खंण्ड धर्मशाला, जिला कागडा के अवधि 1.4.2013 से 31.3.2016 के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान/सचिव कार्यरत थेः–**

**प्रधानः–**

| क0 | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमति सुशील कुमारी | 01/04/2013 से 22/01/2016 |
| 2 | श्री सुरक्षा देवी | 23/01/2016 से 31/03/2016 |

**सचिवः–**

| क0 | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री करतार चन्द | 01/04/2013 से 30/08/2013 |
| 2 | श्री राम कृष्ण | 31/08/2013 से 30/09/2013 |
| 3 | श्री करतार चन्द | 01/10/2013 से 13/01/2014 |
| 4 | श्रीमति पम्मी देवी | 14/01/2014 से 22/03/2014 |
| 5 | श्री करतार चन्द | 23/03/2014 से 14/02/2016 |
| 6 | श्री नरेन्द्र कुमार | 15/02/2016 से 31/03/2016 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–** ग्राम पंचायत ढगवार, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला कागड़ा के अवधि 04/2013 से 03/2016 के लेखाओं के अंकेक्षण एंव निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः–

| कम संख्या | पैरा सं0 | अनियमितताओं का सार | राशि (लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 8 | पंचायत राजस्व वसूली हेतु शेष | 0.20 |
| 2 | 9 | अनुदान राशि का अवरोधन | 10.61 |
| 3 | 10 | क्रय की गई सामग्री का भंण्डारण न करना | 0.84 |

<u>भाग–दो</u>

## 2 वर्तमान अंकेक्षणः–

ग्राम पंचायत ढगवार, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला कागड़ा के अवधि 04/2013 से 03/2016 के लेखाओं का प्रथम एंव वर्तमान अंकेक्षण श्री विरेन्द्र कुमार, अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनांक 06/12/2016 से 13/12/2016 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में किया गया। लेखाओं की विस्तृत जांच हेतु आय के लिए माह 05/13, 06/14 व 06/15 तथा व्यय के लिए माह 03/14, 06/14, व 10/15 का चयन किया गया, जिसके परिणामों को आगामी पैरा ग्राफों में समाविष्ट किया गया है।

इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवदेन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवदेन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हि0प्र0 उत्तरदायी नहीं होगा।

## 3 अंकेक्षण शुल्कः–

ग्राम पंचायत ढगवार विकास खण्ड धर्मशाला, जिला कांगड़ा के अवधि 04/2013 से 03/2016 के लेखाओं अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹6000 बनता है। उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हि0प्र0 शिमला–171009 को प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना सं0 24 दिनांक 29/12/2016 द्वारा सचिव, पंचायत ढगवार से अनुरोध किया गया।

## 4 वित्तीय स्थितिः–

ग्राम पंचायत ढगवार विकास खंण्ड धर्मशाला, जिला कागड़ा द्वारा प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत की अवधि 4/2013 से 03/2016 के लेखाओं की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार थी जिसका विवरण **परिशिष्ट–I** में भी दिया गया है।

## 4.1 स्वः स्त्रोत व अनुदानः–

ग्राम पंचायत ढगवार के अवधि 04/2013 से 03/2016 तक स्वः स्त्रोतों व अनुदान की वित्तीय स्थिति का संकलित विवरण निम्न प्रकार से हैः–

(क) स्वः स्त्रोत

| वर्ष | अथशेष | पावतियां | ब्याज | कुल योग | व्यय | अन्तशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2013—14 | 867232.00 | 422931.00 | 41399.0 | 1331562.00 | 113960.00 | 1217602.00 |
| 2014—15 | 1217602.00 | 479079.00 | 51499.0 | 1748180.00 | 245707.00 | 1502473.00 |
| 2015—16 | 1502473.00 | 291425.00 | 61195.0 | 1855093.00 | 448332.00 | 1406761.00 |

(ख) अनुदान

| वर्ष | अथशेष | पावतियां | ब्याज | कुल योग | व्यय | अन्तशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2013—14 | 417885.00 | 3445919.00 | 9669.00 | 3873473.00 | 3578181.00 | 295292.00 |
| 2014—15 | 295292.00 | 3443010.00 | 18491.00 | 3756793.00 | 3394637.00 | 362156.00 |
| 2015—16 | 362156.00 | 3176573.00 | 23128.00 | 3561857.00 | 2500660.00 | 1061197.00 |
| | | | | | **कुल योग (क+ख)** | **2467958.00** |

**दिनांक 31.3.2016 को बैंक में जमा राशि का विवरणः—**

| क्रम सं0 | बैंक का नाम | खाता संख्या | जमा राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | के0सी0सी0 बैंक मसरेढ़ | 50052299041 | 1406694.00 |
| 2 | के0सी0सी0 बैंक मसरेढ़ | 50057198220 | 15827.00 |
| 3 | के0सी0सी0 बैंक मसरेढ़ | 50056988231 | 44802.00 |
| 4 | के0सी0सी0 बैंक मसरेढ़ | 50057188711 | 61165.00 |
| 5 | के0सी0सी0 बैंक मसरेढ़ | 50058707168 | 1313.00 |
| 6 | के0सी0सी0 बैंक मसरेढ़ | 50058357780 | 921249.00 |
| 7 | के0सी0सी0 बैंक मसरेढ़ | 50057298430 | 16733.00 |
| 8 | के0सी0सी0 बैंक मसरेढ़ | 50056851502 | 108.00 |
| 9 | के0सी0सी0 बैंक मसरेढ़ | 20097026277 | —— |
| | | **योग** | **2467891.00** |
| | | **हस्तगत राशि** | 67.00 |
| | | **कुल योग** | **2467958.00** |

## 5 रोकड़ वही का बैंक खाते से मिलान न करनाः—

रोकड़ वही के अवलोकन में पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान रोकड़ वही व बैंक खाते का मिलान नहीं किया गया था, जबकि हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 7(3) व 10(1) के अनुसार पंचायतों की रोकड़ वही का बैंक खातों से मिलान करना अनिवार्य था। अतः पंचायत द्वारा रोकड़ वहियों का बैंक खाते से मिलान न करना नियमों के विरूद्ध होने के कारण अनियमित है। अतः इस

अनियमितता के बारे में उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए पंचायत की रोकड़ वहियों को बैंक खातों के साथ मिलान किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

### 5.1 नियमों के विरूद्ध नौं बैंक बचत खातों को खोलनाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 4(1) के अनुसार पंचायत में केवल दो बैंक खाते खोले जाने का प्रावधान है। जिसमें से खाता 'क' में पंचायत के स्वयं संसाधनों से प्राप्त आय तथा खाता 'ख' में प्राप्त समस्त अनुदानों को जमा करवाए जाने का प्रावधान है। परन्तु ग्राम पंचायत ढगवार में दो के स्थान गत पैरा 4(1) में वर्णित नौ बैंक बचत खाते खोले गए हैं। अतः नियमों के विरूद्ध खोले गए इन बैंक खातों बारे उचित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए भविष्य के लिए इन सात अतिरिक्त खातों को बन्द करते हुए इस बारे नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए।

### 5.2 खाता 'ख' में अर्जित ब्याज ₹0.51 लाख को खाता 'क' मे अन्तरित न करनाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 4(1) के अनुसार प्रतिवर्ष माह जनवरी तथा जुलाई में पंचायत द्वारा खाता 'ख' में अर्जित ब्याज को पंचायत निधि के स्वः संसाधनों के खाता 'क' में अन्तरित किया जाना अपेक्षित है। परन्तु ग्राम पंचायत ढगवार के बैंक खातों की जांच में पाया गया कि इस नियम की अनुपालना नहीं की जा रही है निम्न तालिका के अनुसार अंकेक्षण अवधि के दौरान ₹51288 खाता 'ख' से सम्बन्धित बचत खातों में ब्याज के रूप में अर्जित किए गए थे जिन्हें उपरोक्त नियम की अनुपालना में खाता 'क' में अन्तरित किया जाना अपेक्षित था परन्तु अन्तरित नहीं किया गया था। अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट प्रस्तुत करते हुए अब तक खाता 'ख' के समस्त बैंक खातों में अर्जित ब्याज को तुरन्त खाता 'क' में अन्तरित करते हुए भविष्य में नियमानुसार समय पर कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए।

| माह / वर्ष | कुल ब्याज |
|---|---|
| 2013–14 | 9669.00 |
| 2014–15 | 18491.00 |
| 2015–16 | 23128.00 |
| **कुल योग** | **51288.00** |

### 5.3 वर्गीकृत सार रजिस्टर को तैयार न करनाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29(4) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप 8 में वर्गीकृत सार को तैयार करते हुए, एक भाग आय तथा दूसरा व्यय के लिए दो भागों में तैयार किया जाएगा जिसमें प्रत्येक मद के लिए

एक अलग पन्ने पर प्रत्येक आय तथा व्यय के लेन देन के लिए अलग अलग प्रविष्टि की जाएगी। प्रत्येक माह के अन्त में मासिक तथा प्रगतिशील योग के लिए प्रविष्टि की जाएगी। इस सार को बनाए जाने का उद्देश्य आय तथा व्यय को बजट के अनुसार नियन्त्रित रखा जाना है। ग्राम पंचायत ढगवार द्वारा इसके न बनाए जाने के कारण अंकेक्षण के दौरान पंचायत के आय तथा व्यय के आंकड़ों का मिलान बजट के साथ नहीं किया जा सका तथा आय व्यय विवरणी तथा वित्तीय स्थिति को तैयार करने में भी अतिरिक्त समय की बर्बादी हुई है। इस बारे स्थिति स्पष्ट करते हुए भविष्य के लिए नियमानुसार वर्गीकृत सार को तैयार करना सुनिश्चित किया जाए।

## 6 निवेशः—

ग्राम पंचायत ढगवार द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान सावधिक जमा में निवेश नहीं किया गया था।

## 7 बजट प्राक्कलन तैयार न करनाः—

हि0 प्र0 पंचायत राज (वित्त बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 37 के अनुसार सचिव द्वारा फार्म—II में पंचायत आय व व्यय के प्राक्कलन तैयार करके ग्राम सभा से पारित करवाना अपेक्षित था। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के लिए पंचायत का बजट प्राक्कलन तैयार नहीं किया गया था। इस प्रकार बजट प्राकंलन तैयार/अनुमोदित न करने के कारण पंचायत द्वारा किया गया व्यय अनियमित था। अतः बजट प्राक्कलनों को तैयार न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए भविष्य में नियमानुसार बजट प्राक्कलन तैयार किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 8 पंचायत राजस्व ₹0.20 लाख वसूली हेतु शेषः—

पंचायत सचिव ग्राम पंचायत ढगवार द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना तथा पंचायत की स्व स्त्रोतों से प्राप्त आय से सम्बन्धित उपलब्ध अभिलेख के अंकेक्षण करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार दिनांक 31.03.2016 तक पंचायत के राजस्व ₹0.20 लाख वसूली शेष थी।

**गृहकरः—**

| क0सं0 | वर्ष | अथशेष | वर्ष के दौरान मांग | योग | वर्ष के दौरान प्राप्तियॉ | अन्तशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2013—14 | 39960.00 | 18300.00 | 58260.00 | 52920.00 | 5340.00 |
| 2 | 2014—15 | 5340.00 | 18840.00 | 24180.00 | 21180.00 | 3000.00 |
| 3 | 2015—16 | 3000.00 | 19140.00 | 22140.00 | 2460.00 | 19680.00 |

अतः उपरोक्त बकाया राजस्व की वसूली न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की वसूली प्राथमिकता के आधार पर करनी सुनिश्चित की जाए।

## 9 अनुदान ₹10.61 लाख का अवरोधनः–

पंचायत द्वारा अनुदानों से सम्बन्धित उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31–03–2016 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹1061197 उपयोग हेतु शेष थी। ग्राम पंचायत द्वारा भिन्न–भिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों के स्वीकृति पत्र की शर्त अनुसार अनुदान राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय किया जाना था, जबकि पंचायत द्वारा अनुदान की राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारण अवरोधन होने के साथ–साथ सरकारी योजनाओं से ग्रामीणों को होने वाले लाभ से वंचित होना पड़ा। अतः अनुदान की राशि को विहित अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए अनुदान के व्यय हेतु सक्षम अधिकारी से अवधि बढ़ौत्तरी की स्वीकृति प्राप्त करके उक्त राशि को व्यय करना सुनिश्चित किया जाये अन्यथा राशियों को प्रत्यार्पण सम्बन्धित संस्था को किया जाये।

## 10 क्रय की गई निर्माण सामग्री इत्यादि को भण्डार रजिस्टर में इन्द्राज न करने बारेः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गये निर्माण सामग्री का भण्डार इन्द्राज स्थाई एवं अस्थाई प्रकृति के अनुरूप फार्म 25 से 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित था परन्तु पंचायत के अवधि 4/13 से 3/16 तक के दौरान निम्नविवरणानुसार क्रय की गई निर्माण सामग्री व सीमेंट को क्रय के उपरान्त न तो भण्डार रजिस्टर पर दर्ज किया गया और न ही इसका आगामी निपटारा किया गया जिसका कारण स्पष्ट करते हुए अविलम्ब क्रय किये गये सीमेंट व निर्माण सामग्री को भण्डार रजिस्टर पर दर्ज किया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत किया जायेः–

| क0 सं0 | वाउचर संख्या व दिनांक | बिल संख्या व दिनांक | आपूर्तिकर्ता का नाम | क्रय की गई मात्रा का विवरण | क्रय की गई मात्रा | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 188<br>10.03.14 | 407 | जीवन कुमार ट्रॉस्पोरटर | खाड़ू पत्थर | 1650 | 7.00 | 11550.00 |
| 2 | 191<br>10.03.14 | 412 | –यथोपरि– | खाड़ू पत्थर<br>क्रशर रेत | 1500<br>70 फीट | 7.00<br>32.00 | 10500.00<br>2240.00 |
| 3 | 195<br>10.03.14 | 204<br>05.02.14 | ठाकुर कश्मीर सिंह | क्रशर रेत<br>क्रशर मिक्स | 100 फीट<br>150 फीट | 32.00<br>30.00 | 3200.00<br>4500.00 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 196<br>10.03.14 | 224<br>20.02.14 | –यथोपरि– | कशर रेत<br>कशर मिक्स | 100 फीट<br>100 फीट | 32.00<br>30.00 | 3200.00<br>3000.00 |
| 5 | 197<br>10.03.14 | 206<br>05.02.14 | –यथोपरि– | कशर रेत<br>कशर मिक्स | 100 फीट<br>150 फीट | 32.00<br>30.00 | 3200.00<br>4500.00 |
| 6 | 198<br>10.03.14 | 226<br>20.02.14 | –यथोपरि– | कशर रेत<br>कशर मिक्स | 100 फीट<br>100 फीट | 32.00<br>30.00 | 3200.00<br>3000.00 |
| 7 | 216<br>30.03.14 | 428<br>30.03.14 | अरूणेश प्रिंटिंग प्रैस | स्टेशनरी इत्यादि | –– | –– | 2100.00 |
| 8 | 06<br>07.06.14 | 03<br>15.03.14 | मै0 श्याम लाल | शटरिंग | 538 फीट | 10.00 | 5380.00 |
| 9 | 07<br>07.06.14 | शून्य | –यथोपरि– | खाडू पत्थर | 580 | 10.50 | 6090.00 |
| 10 | 78<br>09.10.15 | 115<br>01.09.15 | हंस राज फ्रूट नर्सरी | पलांट मैंगो<br>पलांट लिच्ची | 100<br>40 | 80.00<br>90.00 | 8000.00<br>3600.00 |
| 11 | 22<br>09.06.14 | 111<br>13.02.14 | मै0 सन्तोश कुमार | जाला एंगल पत्ती | 98.600 | 65.00 | 6409.00 |
| | | | | | | | 83660.00 |

## 11 प्रत्यक्ष सत्यापनः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 73 के अन्तर्गत पंचायत के भण्डार का प्रत्येक 6 माह के बाद प्रत्यक्ष सत्यापन किया जाना अपेक्षित है परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा भण्डार का नियमानुसार प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया गया है जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाये तथा इस सन्दर्भ में अविलम्ब उचित कार्यवाही अमल में लाई जाये व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 12 विहित रजिस्टरों का रख रखाब न करनाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 29 के अन्तर्गत पंचायत द्वारा विपभिन्न रजिस्टरों/अभिलेखों का रख–रखाव किया जाना अपेक्षित था। अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्न रजिस्टरों/अभिलेखों का रख–रखाव नहीं किया गया था जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है। अतः इन रजिस्टरों का रख रखाव न करने का कारण स्पष्ट करते हुए अविलम्ब इनका रख–रखाब नियमानुसार सुनिश्चित किया जाये।

| क्रम सं0 | अभिलेख/रजिस्टर का नाम |
|---|---|
| 1 | गृहकर मांग व प्राप्ति रजिस्टर |
| 2 | शराब शुल्क प्राप्ति रजिस्टर |
| 3 | चल–अचल सम्पत्ति रजिस्टर |
| 4 | निर्माण कार्य रजिस्टर |

5 अनुदानों का विनियोजन रजिस्टर
6 रसीदों का स्टॉक रजिस्टर
7 विकास निष्पादन रजिस्टर
8 पेशगी रजिस्टर

**13 अनुदानों से सम्बन्धित उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने बारेः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्र अंकेक्षण अवधि के दौरान जांच हेतु प्रस्तुत नहीं किये गये जिसके परिणामस्वरूप अवधि के दौरान व्यय की गई अनुदानों की राशि की सत्यतता की जॉच नहीं की जा सकी। अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय समस्त अनुदानों से सम्बन्धित उपयोगिता प्रमाण पत्रों को आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**14 लघु आपत्ति विवरणिकाः–**यह अलग से जारी नहीं की गई है।

**15 निष्कर्षः–** लेखों के रख–रखाव में उचित सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता/–
(चन्द्रेश हाण्डा)
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.
0177–2620881

पृष्ठांकन संख्याः– फिन(एल0ए0)एच(पंच)15(2) 70/2016–खण्ड–1– 2278–2281 दिनाँक : 20.04.2017 शिमला–171009,

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

**पंजीकृत** 1 सचिव, ग्राम पंचायत ढगवार विकास खण्ड धर्मशाला, तहसील धर्मशाला, जिला कांगडा, (हि0प्र0), को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर इस विभाग को एक माह के भीतर भेजना सुनिश्चित करें।

2 निदेशक, पंचायती राज विभाग हि0प्र0, कसुम्पटी, शिमला–171009 को पैरा संख्या 1 (ख) में वर्णित अनियमितताओं पर
सम्बन्धित पंचायत सचिव को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश जारी करने हेतु प्रेषित है।

3 जिला पंचायत अधिकारी, कांगड़ा स्थित धर्मशाला, जिला कांगड़ा, हि0प्र0

4 खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड धर्मशाला, जिला कांगड़ा हि0प्र0

हस्ता/–
(चन्द्रेश हाण्डा)
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

0177─2620881